**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**11.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19.45बजे**

**''मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–पिछले एक दशक में भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कौशल विकास की आवश्यकता पर दिया बल।
- कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा–हिमाचल में कांग्रेस संगठन को ज़मीनी स्तर पर मज़बूत करने की ज़रूरत।
- पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रदेश में बढ़ रहे चिट्टे के मामलों पर जताई चिंता–कहा–सरकार नशे पर रोक लगाने में रही नाकाम।

**समाचार विस्तार से..**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले एक दशक में भारत 10वें स्थान से बढ़कर 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। प्रधानमंत्री ने आज भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता पिछले दस वर्षों में बत्तीस गुना बढ़ गई है, जिससे यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत की गैर–जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमता तीन गुना बढ़ी है और भारत पेरिस समझौते के लक्ष्यों को प्राप्त करने वाला पहला जी–20 देश है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत न केवल अपनी बल्कि दुनिया की प्रगति में भी योगदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश का ऊर्जा क्षेत्र इस उपलब्धि को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत का जैव ईंधन उद्योग तेजी से बढ़ने के लिए तैयार है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कौशल विकास की आवश्यकता पर बल दिया है। मुख्यमंत्री आज शिमला में हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने निगम को बाजार की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम की कार्य योजना बनाने व उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि युवाओं की क्षमता का निर्माण हो सके और छोटे पैमाने के स्टार्ट–अप स्थापित करने के लिए सहयोग प्रदान किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार निगम के आठ निर्माणाधीन भवनों के निर्माण को पूरा करने के लिए 25 करोड़ रुपये आवंटित करेगी। इन भवनों के निर्माण कार्य को इस वर्ष जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि पहली जनवरी, 2023 से अब तक 38 हजार 7 सौ 13 युवाओं को निगम की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं में नामांकित किया गया है और इनमें से 38 हजार 5 सौ 72 को प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र दिए जा चुके हैं। बैठक में ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**मुकेश अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना ज़िले के हरोली विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन परियोजनाओं को इस वर्ष 31 मार्च तक पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। वे आज हरोली में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली में करीब 5 करोड़ रूपये की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है जिससे बरसात के दौरान स्थानीय लोगों और वाहनों की आवाजाही सुगम होगी। अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और नशे के सौदागरों को प्रतिबंधित सामान सहित गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है और अवैध खनन के हॉटस्पॉट पर नजर रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**इंदू गोस्वामी**

हिमाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 17 सितम्बर 2023 से अब तक एक लाख 82 हजार 6 सौ 93 कारीगरों व शिल्पकारों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए जबकि योजना के अंतर्गत इस दौरान 19 हजार 3 सौ 5 कारीगरों व शिल्पकारों का पंजीकरण किया गया। राज्यसभा में सांसद इंदू गोस्वामी के एक सवाल के जवाब में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत देशभर में सितम्बर 2023 से 4 फरवरी 2025 तक दो करोड़ 65 लाख आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। शोभा करंदलाजे ने बताया कि योजना के तहत हाथ और औजारों से 18 ट्रेड में काम करने वाले कारीगरों को मदद प्रदान की जाती है।

**चंद्र कुमार**

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने राज्य के किसानों से एक करोड़ 40 लाख रुपये की मक्की की खरीद की है। शिमला में आज पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों से 30 रुपये प्रतिकिलो के हिसाब से मक्की खरीदी जा रही है, जबकि उपभोक्ताओं को 40 से 50 रुपये प्रतिकिलो के हिसाब से मक्की का आटा बेचा जा रहा है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार पर पूछे गए एक सवाल पर चंद्र कुमार ने कहा कि कांग्रेस ने दिल्ली में चुनाव गंभीरता से नहीं लड़ा। उन्होंने कहा कि हिमाचल में संगठन को ज़मीनी स्तर पर मज़बूत करने की आवश्यकता है जिसे हाई कमान को गंभीरता से लेना चाहिए।

## अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में बढ़ रहे चिट्टे के मामलों पर चिंता जताई है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में चिट्टा युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है और वर्तमान प्रदेश सरकार इस मामले पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हाल ही में एसटीएफ द्वारा प्रदेश के कई ज़िलों में की गई जांच में ये बात सामने आ रही है कि चिट्टा तस्करी करने वालों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस राज में प्रदेश में नशे का कारोबार तेज गति से फलफूल रहा है और राज्य सरकार इस पर रोक लगाने के लिए गंभीर नजर नहीं आ रही है।

## कुलदीप राठौर

ठियोग विधानसभा क्षेत्र से विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने प्रदेश में बढ़ते चिट्टे के नशे को लेकर चिंता जताते हुए इसके खिलाफ एकजुट होने की आवश्यकता बताई है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि चिट्टे का बढ़ता प्रचलन एक बहुत गंभीर मामला है और प्रदेश सरकार नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। कुलदीप राठौर ने कहा कि नशे के खिलाफ सख्ती से जागरूकता अभियान चलाए जाने की ज़रूरत है ताकि इस पर लगाम लगाई जा सके।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि नौकरियां देने के नाम पर सत्ता में आई सुक्खू सरकार अब नौकरियां छीनने का काम कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युक्तिकरण के नाम पर बिजली बोर्ड से नौकरियां खत्म कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा है कि सरकार ने बिजली विभाग में 51 महत्वपूर्ण पद समाप्त कर दिए और इसके बाद विभाग में सेवाएं दे रहे 81 आउटसोर्स कर्मियों को नौकरी से निकाल दिया। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड से हाल ही में 7 सौ पद युक्तिकरण के नाम पर खत्म कर दिए गए और राज्य सरकार की नीतियों की वजह से प्रदेश में बिजली उत्पादन के क्षेत्र में कोई सुधार नहीं हो रहा है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा—पिछले एक दशक में भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कौशल विकास की आवश्यकता पर दिया बल।
- कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा—हिमाचल में कांग्रेस संगठन को ज़मीनी स्तर पर मज़बूत करने की ज़रूरत।
- पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रदेश में बढ़ रहे चिट्टे के मामलों पर जताई चिंता—कहा—सरकार नशे पर रोक लगाने में रही नाकाम।